

## एक नजर में

### कलेक्टर द्वारा अवैध खनिज परिवहन के दो प्रकरणों में 75 हजार रूपये से अधिक की शास्ति आरोपित

**नीमच।** कलेक्टर हिमाशु चंद्रा द्वारा अवैध खनिज परिवहन के दो प्रकरणों में कुल 75 हजार 294 रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अनावेदक अवैध खनिज परिहवनकर्ता वाहन चालक दिनेश पिता बाबुलाल कीर निवासी आक्यां तहसील निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ द्वारा रैत का अवैध परिवहन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 3600 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 25 हजार रूपये इस प्रकार कुल 28600 रूपए की शास्ति अधिरोपित की हैं। खनि अधिकारी को निर्देशित किया है, कि अधिरोपित जुर्माने की राशि 28600 रूपए चालान से 15 दिवस के अन्दर शासकीय कोष में जमा होने पर जप्त शुदा वाहन ट्रेलर पंजीयन क्र.आर.जे.09आर.ई.4690 को मुक्त करने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही की जाए।इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज सर्वेयर द्वारा 4 फरवरी 2026 को आकस्मिक भ्रमण के दौरान उक्त टेक्टर द्वारा अवैध रूप से रैत परिवहन करना पाए जाने पर वाहन जप्त कर,पुलिस थाना जावद की अभिरक्षा में रखा गया तथा अवैध परिवहनकर्ता के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया था। इसी तरह एक अन्य प्रकरणों में कलेक्टर द्वारा खनिज के अवैध परिवहनकर्ता वाहन चालक उदयलाल पिता जगरूर गुर्जर निवासी माण्डलगढ़ तहसील भीलवाडा पर कुल 46 हजार 694 रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई हैं।

### पिकअप वाहन लुटने वाले आरोपी को 7 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच।** राकेश कुमार शर्मा, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, जिला-नीमच द्वारा अन्य आरोपीगण के साथ मिलकर तीन व्यक्तियों के साथ चाकू व लातघूंसों से मारपीट कर अनाज से भरी हुई पीकअप गाड़ी, मोबाईल व नगद रूपयों की लूट करने वाले आरोपी लाभचन्द्र पिता वरदीचंद बावरी, उम्र-32 वर्ष, निवासी-ग्राम सोकड़ी, थाना पिपल्यामण्डी, जिला मन्दसौर को धारा 394/34 सहपठित धारा 397 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 07 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री विवेक सोमानी द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 5 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 05.01.2021 की रात्रि के लगभग 09:30 बजे नीमच-सिंगोली रोड पर ग्राम नेवड़ के पास स्थित एस.आर. पेट्रोल पंप के पास की हैं। घटना दिनांक को फरियादी श्यामलाल पिकअप वाहन में अनाज गेहूं, चना व इसबगोल भरकर आ रहा था, जिसके साथ में दिनेश गुर्जर भी था व वाहन को ड्राईवर शाहरूख चला रहा था। जब वह एस.आर. पेट्रोल के पास पहुंचे तभी पीछे से एक मोटरसायकल पर चारो आरोपीगण आये और शाहरूख को बोला की उन्होंने भैंस को टक्कर मारकर एक्सीडेंट किया है, तो इस बात पर उसने गाड़ी रोक दी और आरोपीगण ने पिकअप के सामने मोटरसायकल को खड़ा कर दिया। आरोपीगण ने शाहरूख, श्यामलाल एवं दिनेश गुर्जर को नीचे उतारा और चाकू व लातघूंसों से तीनो के साथ मारपीट की और कहा कि जो उनके पास है चुपचाप दे दो। आरोपीगण ने तीनों से नगद रूपये व मोबाईल छीन लिए और अनाज भरी हुई पिकअप गाड़ी को लुट कर चले गये। फरियादी द्वारा थाना नीमच सिटी में दी गई सूचना के आधार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई और तीनों आहतगण का मेडिकल करवाया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने चारो आरोपीगण का पता लगाकर उनको गिरफ्तार किया गया व लूट की सम्पत्ति को जप्त किया गया और विवेचना के उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान दिनांक 10.05.2024 को पारित निर्णय में आरोपी नरेन्द्र बावरी को 07 वर्ष के सश्रम से दण्डित किया गया था एवं दिनांक 13.08.2024 को पारित निर्णय में आरोपी दिनेष बावरी को 07 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में एक आरोपी धरमसिंह उर्फ धर्मा उर्फ नानकिया बावरी के फरार होने से आरोपी लाभचंद्र बावरी के संबंध में विचारण उपरांत यह निर्णय पारित किया गया हैं।

विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर आरोपीगण द्वारा मारपीट कर लुट किये जाने के अपराध को प्रमाणित कराते हुवे उसकों कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री विवेक सोमानी द्वारा की गई।

### शैक्षणिक नवाचार और सामाजिक योगदान के लिए प्रो. जे. एस. दुबे एवं डॉ. वीणा सिंह राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित





**मंदसौर।** जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य प्रोफेसर जे. एस. दुबे एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा सिंह को शिक्षा, शोध और सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रो. जे. एस. दुबे को उनकी तीन दशकों से अधिक की शैक्षणिक यात्रा, दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में किए गए विशिष्ट शोध, तथा पिछले एक वर्ष में महाविद्यालय में किए गए नवाचारात्मक एवं अनुशासनात्मक सुधारों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय में एक समान यूनिफॉर्म व्यवस्था, स्वच्छ परिसर, अध्ययन क्लब के माध्यम से नियमित शोध-पत्र प्रस्तुतिकरण, बहुचर्चित 'मंदसौर मंथन' कार्यक्रम का आयोजन तथा शीघ्र ही प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार जैसी महत्वपूर्ण पहलें प्रारंभ की गईं। प्रो. दुबे एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् और दार्शनिक हैं, जिन्हें 30 वर्षों से अधिक का अध्यापन अनुभव है। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक-स्नातकोत्तर तथा जीवाजी विश्वविद्यालय से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। वे यूजीसी-जेआरएफ से सम्मानित रहे हैं, तीन यूजीसी माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट पूर्ण कर चुके हैं, छह पुस्तकों के लेखक हैं और अनेक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों में सक्रिय सहभागिता निभा चुके हैं। इसी अवसर पर डॉ. वीणा सिंह, अंग्रेजी की सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, द अर्थ एंड अस हैंडलूम ग्रुप के माध्यम से भारतीय बुनकरों के सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा राज्य आनंद संस्थान, भोपाल के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर (हैप्पीनेस) के रूप में दी गई सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. वीणा सिंह को अंग्रेजी साहित्य में 23 वर्षों का अध्यापन अनुभव है। उन्होंने एम.ए., एम.फिल. एवं पीएच.डी. की उपाधियाँ प्राप्त की हैं तथा उनके नाम 12 से अधिक प्रकाशन और 26 शोध पत्र हैं। हाल ही में प्रकाशित उनकी पुस्तक 'रिसर्च मेथडोलॉजी' को हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल द्वारा प्रकाशित किया गया है। वे कैरियर गाइडेंस, मंदसौर की जिला नोडल अधिकारी हैं और केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित रुसा परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुकी हैं।डॉ. सिंह ने जिला एवं राज्य स्तर पर 100 से अधिक हैप्पीनेस और वेल-बीइंग गतिविधियों का आयोजन किया है। उनके सामाजिक एवं शैक्षणिक योगदान के लिए उन्हें जिला प्रशासन, दैनिक भास्कर, लायंस क्लब, प्रेस क्लब, अखिल भारतीय साहित्य परिषद सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। यह सम्मान महाविद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है, जो यह दर्शाता है कि शिक्षा, शोध और समाजसेवा के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

# अभियान चलाकर एक माह में सभी नामांतरण आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



कलेक्टर ने नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में सभी सीएमओ को दिए निर्देश

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में नगरीय निकायों द्वारा संचालित योजनाओं, निर्माण कार्यो एवं करो की वसूली आदि की समीक्षा की गई। जिसमें नगरीय निकायों निकायों के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने अगले एक माह अभियान चलाकर दिसम्बर 2025 तक के प्राप्त सभी नामांतरण के आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निराश्रित पशुओं एवं एग्रेसिव रोग की रोकथाम के लिए संस्था का चयन करने हेतु नगरपालिका नीमच को विशेष सम्मेलन बुलाने तथा अन्य नगरीय निकायों को नगरपालिका नीमच से एमओयू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बडे प्रोजेक्ट जैसे अमृत 2.0 के निर्माण कार्यो को समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने वैध अवैध कालोनियो के संबंध में सभी नगरीय निकायों को सर्वे करने के निर्देश दिए तथा अवैध कालोनाईजरों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं शहरी विकास परियोजना अधिकारी श्री पराग जैन को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कॉलोनाईजरों से विकास शुल्क की वसूली कर कॉलोनी, में अधोसंरचना विकास के कार्य कराने के निर्देश दिए।

पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत नगर परिषद कुकड़ेश्वर, सिंगोली, सरवानिया महाराज, जावद, अठाना, डीकेन, नयागांव को निर्देशित किया, कि पीएम स्वनिधि के प्रकरण 10 फरवरी 2026 तक 100 प्रतिशत प्रकरण बैंको में भेजे तथा 28 फरवरी 2026 तक स्वीकृति कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने संकल्प से समाधान कार्यक्रम की समीक्षा में नगरीय निकायों में दर्ज आवेदनों की संख्या कम होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देशित किया है, सभी निकाय आवेदन ऑन लाईन दर्ज कराए।

प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के अन्तर्गत जिन नगरीय निकायों द्वारा आर.आर.सी. जारी कराई गई है उनको निर्देशित किया है, वसूली की कार्यवाही पूर्ण करें। सभी नगर परिषदों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया है, कि शेष आवास निर्माण कार्य इसी माह में पूर्ण कराए।

बैठक में निकायवार करो की वसूली की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि वसूली की वास्तवित मांग कायम करने के लिए पुनः सर्वे करवाए और व्यवसायिक, कृषि, आवासीय की पृथक दर निश्चित करे। मांग कायम करें तथा अभियान चलाकर, माह फरवरी 2026 अंत लक्ष्य अनुसार करो की वसूली की कार्यवाही करें।

सभी नगरीय निकाय नियमित जल प्रदाय के स्त्रोतो की साफ सफाई कराए तथा प्रत्येक मंगलवार को निकाय स्तर पर जल सुनवाई करें और पानी से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। नगर परिषद मनासा को निर्देशित किया गया है, मनासा में दो दिन के बजाए एक दिन छोडकर जलापूर्ति पानी प्रदाय करे।बैठक में निर्देश दिए गये, कि स्वच्छता सर्वेक्षण अन्तर्गत सभी नगरीय निकाय आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में 3 स्टार के लिए अप्लाय करें तथा नगर परिषद मनासा 5 स्टार पर जाने की कार्यवाही करें। जिले की समस्त नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, कि नगर के सार्वजनिक स्थलो, बाजारों, गलियों में रात्री कालीन सफाई अभियान चलाए। सभी सार्वजनिक स्थानों, प्रायवेट दुकानों के दुकानदारों की दुकानों पर स्वयं के द्वारा डस्टबिन रखे जाने के निर्देश दिये गये।



## लायंस क्लब का रक्तदान शिविर संपन्न, 36 यूनिट रक्त संग्रहित

**मंदसौर।** लायंस क्लब मंदसौर एवं द शिशुवन वर्ल्ड स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। शिविर में समाजसेवा का उत्साह देखने को मिला, जहाँ रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान के माध्यम से कुल 36 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रत्नेश कुदार ने कहा कि रक्तदान महादान है। आपके द्वारा दिया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज को स्वस्थ कर सकता है। उन्होंने युवाओं और समाज के अन्य वर्गों से नियमित रक्तदान करने की अपील की। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन विजय सुराणा, मयूर सुराणा, आदित्य सुराणा, लायन डॉ. देवेंद्र पुराणिक, सुभाष बग्गा, डॉ. के.सी. श्रीमाल, सुनील बाफना, जगदीश चौधरी, गौरव रत्नावत, मोहित जैन, मयंक गांधी एवं त्रिशांग धाकड़ विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने सभी रक्तदाताओं, विद्यालय प्रबंधन और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## ऋण मुक्ति व विघ्नहर्ता पुण्य फलदाई है यह विधान : आर्यिका माताजी विज्ञाश्री

▶ जिन सहस्त्रनाम विधान महाअर्चना में उत्साह दिखाया समाज जनों ने



**नीमच।** इस पवित्र विधान में सहभागी होने वाले व्यक्ति के जीवन में मन वांछित फल पूर्ण होने के मध्य में आने वाले सभी विघ्न दूर होते हैं। रोग, शोक व भय का निवारण होता है। परिवार में सुख समृद्धि और शांति का वास होता है। ग्रह कलेश दूर होते हैं तनाव मुक्ति होती है सर्व रोगों से मुक्ति मिलती है।जिन सहस्त्रनाम महाअर्चना मंडल विधान ऋण मुक्ति एवं विघ्नहर्ता पुण्य फलदाई है। यह बात मालवा की लाल माटी की धारा पर ऐतिहासिक पंचकल्याणक करवाने वाले संतआचार्य 108 विराग सागर जी महाराज की सुशिष्या परम पूज्य भारत गौरव आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ने उपस्थित जनसमूह से संबोधन करते हुए कही ।वे दिगंबर जैन समाज नीमच द्वारा 40 विद्युत केंद्र के पीछे दिगंबर जैन मंदिर सभा कक्ष में सुबह 9 बजे आदिनाथ पदम प्रभु के मोक्ष कल्याणक के पावन उपलक्ष्य में विश्व शांति एवं समाज में सुख समृद्धि की प्रार्थना के साथ आयोजित जिन सहस्त्रनाम महा अर्चना विधानमंडल में उपस्थित विशाल जनसमुह को संबोधित करते हुए बोल रही थी ।उन्होंने कहा कि इस विधान का फल 68 तीर्थो की यात्रा का पुण्यार्जन के समान होता है। गुरूमुख से निकले मंत्र शीघ्र फलदाई होते हैं। दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ और दृढ़ संकल्प के साथ नियम के साथ यदि इस विधान में भाग लेते हैं तो हमारे सभी विघ्न दूर होते हैं। इस अवसर पर प्रभु के1008 नामों का उच्चारण भी किया गया।इस अवसर पर शांति धारा जल अभिषेक,यज्ञ, दीपक प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर सुखे पंच मेवा लोंग बादाम इलायची अक्षत आदि से 108 परिवार जिन्होंने 1008 मंत्रों के उच्चारण के साथ 1008 बार आहुतियां दी गई है आहुतियां दी गई। सभी पुरुष श्वेत तथा महिलाएं पीले परिधानों में सहभागी बनी।धर्म सभा में आर्यिका ज्ञेम्याश्री, ज्ञापकश्री,ज्ञेयश्री ,क्षुल्लिका विज्ञप्ति श्री आदि का सानिध्य मिला। अध्यक्ष विजय विनायका जैन ब्रोकर्स, मिडिया प्रभारी अमन विनायका ने बताया कि प्रतिदिन होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की पावन श्रृंखला में सुबह 5:30 बजे जिन सहस्त्रनाम मंत्रावली, 7:30 बजे शांति धारा, 9 बजे प्रवचन ,दोपहर 3 बजे स्वाध्याय ,आत्म अनुशासन, सायं 6:30 बजे गुरु भक्ति एवं शंका समाधान तत्पश्चात साधु संतों की वैयावृती सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन आयोजित किया जा रहे हैं।आर्यिका माताजी ससंघ बही पारसनाथ से जयपुर की ओर प्रस्थान कर रहा है। जयपुर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए निंबाहेड़ा राजस्थान जाते समय नीमच में प्रवास किया गया है। गुरुवार सुबह 9 बजे दिगंबर जैन मंदिर सभाकक्ष भवन में प्रवचन जिन सहस्त्रनाम विधान मंडल सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुए।इस अवसर पर जय जय गुरु मां की जय घोष भी लगाई गई। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विजय जैन ब्रोकर्स ,उपाध्यक्ष जयकुमार बज , सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

## केंद्रीय बजट 2026-27 विकसित भारत का रोडमैप : सिसौदिया




**मंदसौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने बजट के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने वाला विजन डॉक्यूमेंट है। बजट में गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग, उद्यमियों और सभी वर्गों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान किए गए हैं। पूंजीगत व्यय में वृद्धि, 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर, 12.2 लाख करोड़ रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर, सेमीकंडक्टर मिशन के लिए 40 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान और राजकोषीय घाटा घटाने का रोडमैप देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रमाण है।

यशपाल सिंह सिसौदिया ने कहा कि यह बजट मध्यप्रदेश के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। इससे निवेश, उद्योग स्थापना, एमएसएमई, रोजगार सृजन, आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलेगी। महिलाओं के लिए छात्रावास, 'लखपति दीदी' योजना, युवाओं के लिए कंटेंट क्रिएटर लैब, स्वास्थ्य व रक्षा क्षेत्र में अहम प्रावधान इस बजट को सर्वसमावेशी बनाते हैं।

प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, जिला महामंत्री शिवराज सिंह घटावदा व विजय सुराना, जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन एवं सह मीडिया प्रभारी विनय धनगर उपस्थित रहे।

## मंदसौर के राजेन्द्र यादव की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर हैट्रिक लगाई



**मन्दसौर।** 8वीं राष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स कबड्डी प्रतियोगिता पुणे (महाराष्ट्र) में सम्पन्न हुई, जिसमें देश भर की 20 टीमों ने भाग लिया। मध्यप्रदेश कबड्डी टीम की कप्तानी मन्दसौर के राजेन्द्र यादव ने की और स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश कबड्डी टीम की जीत की खास बात यह है कि, टीम ने लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर हैट्रिक लगाई। सबसे पहले सन् 2024 में स्वर्ण पदक गोवा में प्राप्त किया, दूसरी बार सन् 2025 में धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, तीसरी बार सन् 2026 में पुणे (महाराष्ट्र) में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह मध्यप्रदेश कबड्डी टीम की लगातार तीसरी जीत थी। मध्यप्रदेश कबड्डी टीम की एकजुटता, संगठन, एकाग्रता एवं शक्तिकला का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था, जो लगातार जीत गई। यह उल्लेखनीय, सराहनीय एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। मध्यप्रदेश कबड्डी टीम की कप्तानी मन्दसौर के राजेन्द्र यादव ने की और स्वर्ण पदक प्राप्त किया। टीम ने पुणे (महाराष्ट्र) की मिट्टी पर ऐसा जोर दिखाया कि विरोधी टीम को चारों कोने चित किया। प्रतियोगिता में दयालु क्लब विपिन जोशी इंदौर (म.प्र.) जो सेल टैक्स विभाग में कार्यरत है। उक्त खिलाड़ी द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया एवं प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ रेडर घोषित किए गये एवं राजेन्द्र यादव मन्दसौर को श्रेष्ठ केचर घोषित किया गया। जीत से पहले एवं जीत के बाद मध्यप्रदेश कबड्डी टीम ने बाबा महांकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह जीत उन्हीं के चरणों में समर्पित की गई यह स्वर्ण पदक जिन्होंने बढ़ाया मान मध्यप्रदेश का इस विजयश्री मन्दसौर (म.प्र.) की कबड्डी टीम के कप्तान राजेन्द्र यादव, वरिष्ठ खिलाड़ी विपिन जोशी, महेन्द्र गौड़, दुर्लभराम खटोलिया, देवकीनंदन गौड़, सुनिल ठाकुर, विजयनाथ योगी, ओमप्रकाश बेड़ा इंदौर, मन्नालाल बिन्दोरिया, रामप्रकाश गौतम, नारायणसिंह गहलोत उक्त समस्त खिलाड़ियों का तालमेल देखने योग्य था। मध्यप्रदेश मास्टर्स गेम्स के वरिष्ठ सचिव रतलाम मध्यप्रदेश के श्री अमानत खान साहब एवं मध्यप्रदेश कबड्डी टीम के कोच (लायर), रतलाम मध्यप्रदेश श्रवण यादव कोच का विशेष योगदान रहा जिससे टीम लगातार तीसरी बार जीतकर मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया गया।

**एक नजर** ▶ **इस माह मत्स्य पालकों का एफ.पी.ओ. गठित कर, मत्स्य पालन से जोड़े : कलेक्टर**

## पीएमएफएमई योजना तहत हर पंचायत में उद्योग स्थापित करवाएं :कलेक्टर



**नीमच।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य, उद्योग उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के तहत जिले की सभी पंचायतों में किसानों, ग्रामीणों को प्रेरित कर न्यूनतम एक-एक उद्योग स्थापित करवाए। इसके साथ ही मत्स्य विभाग इस माह जिले में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य पालकों का एक एफ.सी.ओ.गठित कर उन्हें मत्स्य पालन व्यवसाय से जोडे। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ए.पी.सी.समूह, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन, सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की विभागवार समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

किसानों को प्रेरित कर डिफाल्टर से बाहर निकाले

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिला केंद्रीय सहकारी बैंक एवं सहकारी समितियों के डिफाल्टर किसानों को प्रेरित कर डिफाल्टर से बाहर निकालने का विशेष अभियान चलाने के निर्देश सहकारिता विभाग एवं जिला केंद्रीय बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री आर.पी. नागदा को दिए। कलेक्टर ने कहा, कि डिफाल्टर किसानों को बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित कर उन्हें डिफाल्टर से बाहर निकालकर सहकारिता की मुख्यधारा में लाए, जिससे, कि उन्हें केसीसी, कृषि ऋण, खाद बीज, पशुपालन सहित अन्य योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा में निर्देश, दिए कि फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रमुख धार्मिक स्थलों के कलस्टर में फूलों की खेती के लिए प्रेरित कर फूल उगाने के लिए तैयार करें। आंत्रीमाता, भादवामाता क्षेत्र में इस साल 70 हेक्टेयर में फूलों की खेती का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर ने मण्डी प्रांगण नीमच में किसानों की सुविधा के लिए चार और नये कियोस्क स्थापित करने के निर्देश भी मण्डी सचिव को दिए है।

बैठक में दुग्ध उत्पादन की प्रगति की समीक्षा में बताया गया, कि जिले में पांच नई दुग्ध समतियां इस माह गठित की गई है और 5 अक्रियाशील समितियों की क्रियाशील करवाया गया है। जिले में दुग्ध संकलन इस माह 17200 लीटर हो गया है। जिसे एक माह में बढाकर 18000 लीटर से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया है।